Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up Central Govrnment Health Scheme (CGHS) Dispensary in Kodarma Parliamentary Constituency, Jharkand.

श्रीमती अन्नपुर्णा देवी (कोडरमा): सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र में केंद्र सरकार के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना की डिस्पेंसरी नहीं होने की वजह से कर्मचारियों और अधिकारियों को स्वास्थ्य संबंधी सेवा प्राप्त करने में काफी परेशानी होती है और चिकित्सा के लिए बहुत दूर जाना पड़ता है ।

मैं भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय से मांग करना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र कोडरमा, गिरीडिह, हजारीबाग में केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना की डिस्पेंसरी जल्द शुरू कराई जाए, ताकि वृद्ध और बेसहारा लोगों को और कर्मचारियों तथा अधिकारियों को स्वास्थ्य की सुविधा मिल सके और उन्हें इलाज के लिए दूर न जाना पड़े ।